मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर- 342003

दिनांकः 27 सितम्बर 2019

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	28/09/19	29/09/19	30/09/19	01/10/19	02/10/19
वर्षा (मि.मी.)	10	4	9	0	2
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	36	35	35	34	34
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	25	26	26	25	26
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	6	5	6	4	4
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	76	71	74	68	69
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	25	24	25	23	23
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	12	15	14	16	15
हवा की दिशा	पश्चिम	पश्चिम–दक्षिण–पश्चिम	पश्चिम	पश्चिम–दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–पश्चिम

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाहः

फसल	अवस्था	सलाह
		आगामी दिनों में हल्की वर्षा की सम्भावना को देखतें हुएं पकी फसलों की कटाई करें और उन्हे सुरक्षित स्थान पर रखें।
		रबी फसलो की बुवाई से पूर्व खेत में 8–10 टन गोबर की खाद प्रति हैक्टेयर में डालें जो मृदा के भौतिक व जैविक गुणों को बडाती है तथा मृदा की जल धारण क्षमता भी बडती है।
बाजरा	पकाव	बाजरा की फसल पकाव अवस्था पर है पकी फसल की कटाई करें और सुरक्षित स्थान पर रखें।
मूंग	पकाव	मूंग की पकी फसल की कटाई करें और उन्हे सुरक्षित स्थान पर रखें।
अरण्डी		अरण्डी की फसल में तना छेदक कीट के नियंत्रण के लिए क्यूनालफॉस 25 ई.सी. 1 लीटर का प्रति हैक्टेयर की दर से छिड़काव करें।
बैंगन	नर्सरी में बुवाई	बैंगन की सर्दी की फसल के लिए नर्सरी तैयार करें। आजाद बी–1, बी. आर–112, पूसा भैरव, पूसा अनुपम, पूसा हाइब्रिड–5, पंजाब बहार उन्नत किस्मों की बुवाई करें। एक हैक्टेयर खेत में रोपाई के लिए 350–500 ग्राम बीज प्रयाप्त है।
पशु		बदलते मौसम में पशुओं में खुरपका–मुंहपका रोग के फैलने की संभावना रहती है। रोग के लक्षण दिखाई देने पर पशुचिकित्सक से सम्पर्क करें।

(नौडल ऑफीसर)